सिलेबस पूरा करने को अतिरिक्त कक्षाएं

यूटीयू ने लिया निर्णय

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) चालू शिक्षा सत्र में सभी पाठ्यक्रमों का समय पर सिलेबस पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय पर कक्षाएं संचालित करेगा। यह निर्णय शनिवार को यूटीयू की बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने लिया। उन्होंने कहा जिस भी संस्थान को लगता है कि उनका सिलेबस समय पर पूरा नहीं हो रहा है वह अतिरिक्त समय पर कक्षाएं संचालित कर सकता है, ताकि समय पर परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके।

बोर्ड की आनलाइन बैठक में विवि के द्वितीय व अंतिम वर्ष तक के सभी पाठ्यक्रमों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार करने पर भी कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने चर्चा की। विदित रहे कि यूटीयू ने विवि के सभी पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में नए पाठ्यक्रम को लागू कर दिया है। अगले वर्ष से द्वितीय व अंतिम वर्ष का पाठ्यक्रम भी लागू हो जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि नई शिक्षा नीति के तहत डिजाइन किए जा रहे नए सिलेबस को लेकर दिसंबर प्रथम सप्ताह में बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक निर्धारित की गई है। जिसमें बोर्ड के सभी सदस्यों को अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना होगा। कुलपति ने सभी संस्थानों के निदेशक व प्राचार्य को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने संस्थानों में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति के मानक का सख्ती से पालन करें। छात्र-छात्राओं की कक्षाओं में उपस्थिति को लेकर वह संस्थानों को पहले भी आगाह कर चुके हैं। बैठक में वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव आरपी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

यूटीयू के कुलपति प्रो . ओंकार सिंह • जागरण आर्काइव

- यूटीयू की बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने रखे विचार
- आनलाइन बैठक में विवि के द्वितीय व अंतिम वर्ष तक नए पाठ्यक्रमों पर हुई चर्चा

सतत विकास लक्ष्य पर उदासीनता से कुलपति नाराज

देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो . ओंकार सिंह ने बताया कि विवि ने सभी संस्थानों के लिए सतत विकास लक्ष्य निर्धारित किए हैं, लेकिन इस योजना पर संस्थान अधिक रुचि नहीं ले रहे, जो खेद का विषय है। कुलपति ने कहा कि यदि संस्थान इसी प्रकार लापरवाही करेंगे तो छात्रों व समाज का कैसे विकास होगा।